दिन— शुक्रवार दिनांक— 06 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के युवाओं की वैश्विक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा है कि देश के युवाओं ने विश्व में अपनी अलग छाप छोड़ी है। केन्द्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे करने के अवसर पर श्री मोदी ने युवाओं को गतिशीलता, नवाचार और दृढ इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में देश का विकास युवाओं के दृढ विश्वास और असाधारण ऊर्जा शक्ति से प्रेरित है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में देश स्टार्टअप्स, विज्ञान, खेल, सामुदायिक सेवा और संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं का साक्षी बना है।

————————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर में पचास आधार अंकों की कमी की है। अब रेपो दर साढे पांच प्रतिशत हो गई है। आरबीआई ने रेपो दर में लगातार तीसरी बार कटौती की है। मुम्बई में आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि छह सदस्यों की मौद्रिक समिति ने इस वित्त वर्ष की दूसरी बैठक में सर्व—सम्मति से रेपो दर कम करने का फैसला किया। रेपो दर में कमी से होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन पर ब्याज दरें कम होने की संभावना है। इससे ईएमआई में कमी आ सकती है। इसके अलावा रेपो रेट में कमी होने से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का अनुमान है।

————————————————————————

आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनितिक प्रयासों के तहत भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जर्मनी पहुंचा। जर्मनी में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रतिनिधिमंडल राजनयिक प्रतिनिधियों, संसद सदस्यों, जर्मनी के संघीय विदेश कार्यालय और गणमान्य लोगों के साथ विचार—विमर्श करेगा। प्रतिनिधिमंडल थिंक टैंक के मुख्य प्रतिनिधियों तथा जर्मनी में भारतीय समुदायों के साथ भी बातचीत करेगा। यह प्रतिनिधिमंडल बेल्जियम की यात्रा संपन्न करने के बाद जर्मनी पहुंचा।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज एक दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। श्री गांधी ने अपनी यात्रा की शुरूआत गया के गहलौर से की। उन्होंने माउंटेन मैन दशरथ मांझी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री गांधी ने दशरथ मांझी के पुत्र भगीरथ मांझी से भी मुलाकात की। राहुल गांधी का राजगीर में अति पिछड़ा सम्मेलन को संबोधित करने का कार्यक्रम है। वापसी में श्री गांधी एक बार फिर गया जायेंगे, जहां वे महिलाओं के साथ संवाद करेंगे।

---

समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गंगा दियारा में पुलिस और एसटीएफ की टीम ने छापेमारी कर एक निलंबित एएसआई के घर से भारी मात्रा में कारतूस और हथियार बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज एसटीएफ और पुलिस की टीम निलंबित एएसआई सरोज सिंह के घर छापा मारने पहुंची थी। पुलिस को देखते ही सरोज सिंह ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस टीम की ओर से भी फायरिंग की गयी। सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। इस मामले में पुलिस ने सरोज सिंह और उनके तीन चचेरे भाईयों को हिरासत में लिया है।

---

प्रदेश में मानसून पूर्व बारिश का सिलसिला जारी है। आज राजधानी पटना समेत राज्य के अलग–अलग हिस्सों में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज के ठाकुरगंज में सबसे अधिक बयालीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

---

अररिया की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी जनिरा और सोनू को आजीवन कारावास और पंद्रह–पंद्रह हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।